हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
5
जबलपुर, बुधवार 18 जून 2025
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

**खबर संक्षेप**

## नगर परिषद न्यूटन चिखली के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के परिपत्र दिनांक 13 जून 2025 में निहित निर्देशों के आधार पर तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम 12, 13 एवं 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा नगर परिषद न्यूटन चिखली हेतु निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश अनुसार तहसीलदार परासिया श्री धर्मेन्द्र चौकसे को रिटर्निंग ऑफिसर, नायब तहसीलदार परासिया श्री राम सूर्यवंशी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा नगर परिषद न्यूटन चिखली के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अजय ठाकरे को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन पत्र नगर परिषद न्यूटन चिखली के कार्यालय के कक्ष क्रमांक-03 में प्राप्त किए जाएंगे।

निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यवाही मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## जिले में अभी तक 45.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 45.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 40.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 17 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 2.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 17 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील मोहखेड़ में 10.2, परासिया में 10.1, चांद में 01 और उमरेठ में 3.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 53.8, मोहखेड़ में 50.7, तामिया में 56, अमरवाड़ा में 62.4, चौरई में 14, हर्रई में 38.4, बिछुआ में 15.2, परासिया में 45.5, जुन्नारदेव में 33, चांद में 49 और उमरेठ में 86 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री करेंगे कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत का सम्मान

# भोपाल में दिखेगी छिंदवाड़ा के पर्यटन की चमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पर्यटन ग्रामों के विकास के लिए सबसे पहले योजनाबद्ध तरीके से कार्य समय पर होम स्टे का निर्माण और जोरदार प्रचार...यादगार छिंदवाड़ा जल महोत्सव और शानदार व अविस्मरणीय तामिया एडवेंचर फेस्टिवल सहित जिले में पर्यटन विकास के लिए कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में किए गए कार्यों की चमक व धमक बुधवार 17 जून 2025 को भोपाल में भी दिखेगी। पर्यटन के क्षेत्र में विशेष कार्य करने और ग्रामीण पर्यटन के नए आयाम गढ़ने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह को सम्मानित किया जाएगा।



बुधवार को राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री श्री डॉ.मोहन यादव व पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी की उपस्थिति में कलेक्टर श्री सिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सचिव सह सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार का भी सम्मान होगा।

### मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ग्रामीण रंग

पर्यटन संग कार्यक्रम का आयोजन बुधवार सुबह 11 बजे से किया गया है। पर्यटन के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए इस कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिला प्रशासन का विशेष सम्मान किया जाएगा। टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन क्षेत्र के विकास में भरपूर प्रशासनिक सहयोग देने, पर्यटकों के लिए कई नवाचार करने व पर्यटन स्थलों के बेहतरीन प्रचार के लिए छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह का सम्मान किया जाएगा, तो वहीं पर्यटन विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य के लिए छिंदवाड़ा की जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) को सम्मानित करते हुए यह सम्मान परिषद के सचिव सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार को दिया जाएगा। पर्यटन ग्रामों में रिकॉर्ड समय में होम स्टे निर्माण करने के लिए संस्था विलेज वे, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज, सतपुड़ा सेल्फ, परार्थ समिति, बैक टू विलेज संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। पर्यटन की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए सावरवानी पंचायत को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### जिले के होम स्टे संचालकों का भी होगा सम्मान

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले के ग्राम सावरवानी के वेदिका हिल्स होम स्टे की संचालक नीता यदुवंशी, चोपना के साल वाइड होम स्टे के संचालक हेमराज यादव, काजरा से मंधान व्यू होम स्टे की संचालक झिन्नी बाई, गुमतरा के बीजन होम स्टे की संचालक बीजन बाई, धूसावानी के कल्उड होम स्टे से संचालक बलिराम सरेयाम, चिमटीपुर होम स्टे से सनवती आठलाल, देवगढ़ के देशमुख होम स्टे की संचालक अहिल्या अनिल देशमुख को भी सम्मानित किया जाएगा।

## उर्वरक विक्रेताओं पर कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा।** /कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का उर्वरक बीज एवं कीटनाशक प्रदाय करने के दृष्टिगत खरीफ 2025 के लिये जिले में 10 अगस्त 2025 तक विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है। विभाग को प्राप्त सूचना के आधार पर 14 जून 2025 को संयुक्त टीम द्वारा विकासखण्ड बिछुआ के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति खमरा एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठान में औचक निरीक्षण किया गया। समिति प्रबंधक द्वारा डी.ए.पी. को कृषकों को वितरण न करते हुए अनावश्यक रूप से भंण्डारण किया गया था। जिसका स्पष्टीकरण जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिंदवाडा श्री जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहित प्रावधान के अंतर्गत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति खमरा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।03 निजी उर्वरक विक्रेताओं मेसर्स सांई कृषि केन्द्र खमरा, मेसर्स महालक्ष्मी कृषि केन्द्र खमरा एवं मेसर्स माँ शारदा कृषि केन्द्र महुआमोड विकासखण्ड बिछुआ के द्वारा उर्वरकों का पी.ओ.एस. मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्कंध का मिलान नहीं पाया जाना एवं आवश्यक दस्तावेजों का संधारण नहीं किये जाने के कारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत उर्वरक अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# विद्यालयों में युवाओं को रोजगार दिलाने एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने पर ज्यादा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

स्कूली शिक्षा ग्रहण करने के बाद अब कोई भी विद्यार्थी बेरोजगार न रहे। किसी कारण से यदि उसे सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती है या फिर वह अन्य वजह से सरकारी सेवा में नहीं जाना चाहता है, तो वह अपने हुनर के दम पर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकता हैं या फिर वह स्वरोजगार शुरू कर सकता है। इसके लिए विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से ही व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। खास बात यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए स्कूल स्तर पर जॉब ऑरिएंटेड कोर्स चलाए जा रहे है।

इसकी शुरूआत म.प्र. एवं जिले में वर्ष 2013-14 में कृषि, अपेरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैंकिंग फाइनेस सर्विसेंस एण्ड इन्श्योरेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, हेल्थ केयर, आई.टी,



मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट, फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोटर्स, प्लंबिंग, प्राइवेट सिक्योरिटी, रिटेल और टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटेलिटी ट्रेडों में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। जबकि इस सत्र में जिले में दो नये ट्रेड कंस्ट्रशन एवं फूड प्रोसेसिंग भी प्रारंभ किये गये है। नई शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद इसमें रोजगार मूलक कोर्सेज पर सम्पूर्ण फोकस किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के अनुसार सत्र 2030 तक कक्षा 6वीं से सभी माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ करना है। इसी वजह से नवीन सत्र 2025-26 में छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा जिले में 29 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की जा रही है। खास बात यह है कि इससे पहले तक व्यावसायिक शिक्षा की सुविधा सिर्फ हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ही थी। इस सत्र में हाईस्कूल पीएमश्री स्कूलों में भी सुविधा दी जा रही है। विद्यालय के लिये ट्रेड एवं जॉबरोल का चयन बाजार की मांग उपलब्ध औद्योगिक संसाधन, विद्यार्थियों के कौशल और रूचि, स्थानीय एवं क्षेत्रीय डिमांड के अनुसार प्राचार्य द्वारा वार्षिक कार्ययोजना के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार प्रारंभ किया जाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल ने बताया कि कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को भाषायी विषय हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में से किसी एक विषय को छोड़कर व्यावसायिक शिक्षा चुनने का विकल्प मिलता है। प्रत्येक स्कूल में दो व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड संचालित है।

## नवाचार, निष्ठा और लगन की मिसाल बनी शांति

### भारिया जनजाति की पहली छात्रा जिसने नीट में पाई सफलता

**छिंदवाड़ा।** जिले के सुदूर आदिवासी अंचल से निकलकर छिंदवाड़ा जिले की एक बेटी ने इतिहास रच दिया है। सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और सामाजिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए कुमारी शांति पचलिया ने यह साबित कर दिया कि सपने सिर्फ देखे नहीं, पूरे भी किए जा सकते हैं- अगर इरादा मजबूत हो। विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया से ताल्लुक रखने वाली छात्रा कु. शांति, छिंदवाड़ा जिले की पहली छात्रा बन गई हैं जिसने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार, गाँव और समुदाय को गौरवान्वित किया है, बल्कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को एक नई प्रेरणा भी दी है। शांति का जन्म 23 अप्रैल 2007 को विकासखण्ड हर्रई के ग्राम बालूसार में हुआ। उनके पिता श्री लिट्टी पचलिया कृषक हैं और माता श्रीमती लता पचलिया गृहिणी हैं। शांति ने



अपनी प्रारंभिक पढ़ाई शासकीय विद्यालयों से की और वर्तमान में आदिवासी उत्कृष्ट छात्रावास हर्रई में निवास करती हैं। पढ़ाई के लिए उन्होंने रोजाना 4 से 5 घंटे तक कड़ी मेहनत की और नीट 2025 परीक्षा में सफल हुईं। आर्थिक और सामाजिक रूप से सीमित संसाधनों के बावजूद शांति का सपना था डॉक्टर बनकर अपने गाँव की सेवा करना। उनका कहना है कि मैं अपने गाँव को आगे बढ़ाना चाहती हूँ और सबकी मदद करना चाहती हूँ।

जिला प्रशासन के नवाचार के चलते यह संभव हुआ- कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की दूरदृष्टि और प्रयासों ने जिले में एक शैक्षणिक क्रांति का बीजारोपण किया है। जुलाई 2024 से उन्होंने सभी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में नीट और जेईई की तैयारी के लिए एक अतिरिक्त पीरियड की व्यवस्था शुरू करवाई। इसके साथ ही इंदौर की नामचीन कोचिंग संस्था एलेन की मदद से कार्यशालाएँ, निशुल्क नोट्स, हिंदी-अंग्रेजी में अध्ययन सामग्री और ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराई गई।

## 3.22 लाख लाड़ली बहनों के खातों में आए 40.34 करोड़

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सोमवार को जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्रामे लखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की 25वीं किस्त, गैस सिलेंडर रिफिल



योजना की राशि एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की मासिक सहायता राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर उन्होंने सभी बहनों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं। जिले की 3.22 लाख बहनों को मिले 38.35 करोड़ रुपए- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जून माह की 1250 रुपए की मासिक सहायता राशि के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की 3.22 लाख बहनों को कुल 40.34 करोड़ रुपए तथा पांढुर्णा जिले की 69917 बहनों को 7.39 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई। छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत राशि का वितरण- मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के 177 हितग्राहियों को जून माह की 3,81,00,000 रुपए तथा पांढुर्णा जिले के 56 हितग्राहियों को 1,19,00,000 रूपये रुपए की राशि प्राप्त हुई। कलेक्टर कार्यालय में देखा गया सीधा प्रसारण- इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में लाभान्वित हितग्राहियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा व सुना गया।

## जनसुनवाई : कलेक्टर श्री सिंह ने सुनी 105 आवेदकों की समस्यायें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 105 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## शराब दुकान पर हमला और तोड़फोड़ करने वालों पर मामला दर्ज

### मृतक के खिलाफ कुल सात मामले है पंजीबद्धः भार्गव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल शाम 5-6 बजे समीपस्थ ग्राम तिगांव में लाईसेंसी सरकारी शराब दुकान में जबरन घुसने, तांडफोड करने और कर्मचारियों के साथ मारपीट करने पर पांढुर्ना पुलिस अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अजय मरकाम के अनुसार अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्र. 313 और धारा 296, 115 (2), 35 (2), 332 सी तथा 324 (1) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव ने बताया कि भाउराव के विरूद्ध पांढुर्ना थाना में कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध है। इनमें 2 मारपीट, 2 सट्टा, 2 अवैध शराब और 1 दुर्घटना का मामला शामिल है। इन्होंने कहा कि आरोपी छिंदवाडा जेल में था वहां उसकी मृत्यु हुई है इसलिए जांच वही होगी। पांढुर्ना पुलिस ने मृतक भाउराव को अवैध कच्ची शराब के साथ रंगेहाथ पकडा था। इसके बाद थाना में मृतक उस पर विधिवत 34, 2 के तहत प्रकरण दर्ज किया। डॉक्टरी परीक्षण के उपरांत उसे छिंदवाडा जेल भेजा गया। डॉक्टरी परीक्षण के समय वह एकदम स्वस्थ था। बीती 4 जून के बाद से पांढुर्ना पुलिस और आरोपी का कोई संबंध नहीं रहा। मृतक 12 दिन तक जेल में बंद रहा, वहां उसका स्वास्थ किन परिस्थितियों में बिगडा यह छिंदवाडा जेल के अधिकारी बता पाएंगे।

## जेल में बंदी की मौत की हो जांचः विधायक-पूर्व विधायक

**पांढुर्ना।** आज कांग्रेस विधायक निलेश उईके, पूर्व विधायक जतन उईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके और जनपद अध्यक्षा लता तुमडाम ने जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश से मिलकर कल छिंददवाडा जेल में मरे तिगांव निवासी भाउराव उईके के मौत के मामले की जांच की मांग करते हुए दोषियों को कडी सजा दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष भीमराव वालके और अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक निलेश उईके ने कहा कि भाउराव 3 जून को अपनी ससुराल ग्राम मांडवी गया था। पुलिस ने वहां से उसे उठा लाया और उसे शराब के जूठे मामले में फंसा दिया। पूर्व विधायक जतन उईके ने का कि हमे शक है कि पुलिस ने भाउराव की पिटाई की है, इसमें लगी अंदरूनी चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इस मामले की जांच की मांग की है। इसके उपरांत उक्त समस्त कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मृतक भाउराव के घर जाकर उनके परिजनों से भेट की। विधायक निलेश उईके और साथियों ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि मृतक को न्याय दिलाने तक हम शांत नहीं रहेंगे। मृतक के परिजनों को विधायक महोदय द्वारा आर्थिक सहायता दी गई।

## रक्तदान दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

### जरूरतमंदों की बचाई जान, 26 जनवरी से की थी रक्तदान करने की शुरूआत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश जन कल्याण समिति शाक्ति सेना , जागते रहो ग्रुप खून रिश्ता,सामाजिक ने 26 जनवरी में की थी रक्तदान करने की शुरुआत जब वर्ष मार्च 2020 के बाद कोरोना के विपरीत परिस्थिति में रक्त दाताओं की कमी होने के कारण सरकारी अस्पताल व छिंदवाड़ा में रक्त की कमी महसूस की इस बात को संज्ञान में लेते हुए कोरोना के इस परिस्थिति में कोई भी युवा रक्त डोनेट नहीं करना चाहता था।

ऐसे समय में छिंदवाड़ा परासिया ने जिले में तथा छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में रक्त समूह की कमी ना हो इस को ध्यान में रखते हुए 2017 में रक्तदान शिविर की शुरुआत की जब जिला अस्पताल में बहुत कम रक्त समूह होने की बात बीएम सर जी ब्लड बैंक अधिकारी संस्था के सदस्यों से रक्त की कमी पूर्ति करने के लिए कार्य करने की बात की गई थी तब के सदस्य द्वारा रक्तदान शिविर की पहल की जा रही है ताकि जनजागृती और सामाजिक धार्मिक आयोजनों में ऐसे शिविर आयोजित करने का संदेश दिया जाता हैं।

अभी तक संस्था के द्वारा 31 रक्तदान शिविर लगवा कर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रक्त जरूरतमंदों की मदद की गई छिंदवाड़ा क्षेत्र के सभी धार्मिक, राजनीतिक,व्यापारी, पत्रकार थैलीसीमिया ,बंधुओ, डॉक्टर, शिक्षकों आदि का हमेशा संस्था सहयोग मिलता है।

जिला अस्पताल टीम व छिंदवाड़ा के सरकारी अस्पताल में किसी भी मरीज को रक्त की कमी ना जाए अभी तक सामाजिक संस्था ने लगभग 1967 से अधिक मरीजोंजिसमें छिंदवाड़ा क्षेत्री एवं आसपास के अधिक रक्तवीरो ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष आपातकालीन स्थिति में मरीजों के पास पहुंचकर रक्तदान कर सेवा दी जहां एक और गर्भवती महिलाएं और एक्सीडेंटल केस में रक्त की कमी होती है वहां रक्त समूह उपलब्ध नहीं हो पाते ऐसे में सरकारी अस्पताल छिंदवाड़ा की टीम और जिला अस्पताल ब्लड बैंक को रक्तदान शिविर में हमेशा साथ देते हैं। रक्तवीर संस्था के द्वारा रक्तदान महादान जीवनदान देकर शिविर लगाने का तथा दूसरों को रक्तदान के महत्व को बता कर प्रेरित करने का भी संकल्प लिया।

रक्तदान शिविर आयोजन की व्यवस्था छिंदवाड़ा के नारी शक्ति, सभी भाईयों बहनों के सहयोग से किया जाता हैं अलका नीरज शुक्ला मीरा पराड़कर अर्चना माहोरे , कविता सरसवार राजेश खंडूजा करूणेश पाल इंद्रा तिवारी हिमांशु पाल राम पटवा रक्तदान महादान जीवन दान अमूल योगदान दिया इस कार्य के छिंदवाड़ा परासिया की वरिष्ठ रिंकू रितेश चौरसिया मार्गदर्शक रहता है सदस्यों 40+ टीम सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण वृक्षारोपण जल संरक्षण मतदाता जागरूकता आदि कार्य पूर्ण करने के लिए हमेशा सहयोग देते हैं जागते रहो ग्रुप खून रिश्ता प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाते है।

### अधिकारी आकर 10 मिनट करें गंदी बदबू का सामना

## दूषित पानी, गंदी बदबू वाली कंपनियों को चिन्हित कर करें कार्यवाही: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बोरगाव औद्योगिक इकाइयों से निकल रहा है केमिकल युक्त पानी और गन्दी बदबू को लेकर ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद में सोमवार को एसडीएम कार्यालय में औद्योगिक विकास निगम कंपनियों के प्रबंधक और पर्यावरण विभाग अधिकारियों,ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में ग्रामीणों की ओर से जनपद पंचायत सदस्य विल्सन मैन्युअल,क्षेत्रीय कांग्रेस अध्यक्ष किशोर खरपुरिया ने समस्याएं गिनाते हुए सौसर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही करने पर जमकर विरोध जताया। एसडीएम



कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में एसडीएम सिद्धार्थ पटेल,बोरगांव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अध्यक्ष जोतेंद्र पटेल,लघुभारती सेवा सचिव वामन ठोबरे, गोलू ताजने, पर्यावरण विभाग एस तिवारी, मध्य प्रदेश औद्योगिक निगम के राजेश गुर्जर,आदि थे। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य विल्सन मैन्युअल, किशोर खरपुरिया ने औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों से निकल रहे केमिकल युक्त पानी और गंदी बदबू से लगभग 10 गांव के ग्रामीणों को हो रही परेशानी से अवगत कराया, श्री खरपुरिया ने बताया किऔद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाली गुलशन पॉलीमर,एविजे कंपनी सेबड़े पैमाने पर केमिकल युक्त पानी गंदी बदबू हजारों ग्रामीण परेशान है।गुलशन कंपनी बोरगाव की 24 घंटे निकल रही गंदी बदबू से जीना दुस्वार हो गया है,अधिकारी स्वयं आकर यहां 10 मिनिट आकर रुककर बता दे,नाले से आ रहे केमिकल युक्त पानी के कारण बच्चों महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है,जानवर एवं मछलियां मर रही है। प्रशासन यदि जल्द व्यवस्था नहीं बनाई तो जिस नाले से केमिकल युक्त पानी आ रहा है,उसे हम बंद कर देंगे।

### 8 दिन में समाधान करने का दिया आश्वासन

लगभग 50 मिनट चली बैठक के दौरान दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई है जिसमें औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत जिन कंपनियों से केमिकल युक्त पानी निकल रहा है, उन्हें चिन्हित करने का निर्णय लिया गया है। जिस नाले से केमिकल युक्त पानी आ रहा है, उसे नाले की जांच करते हुए उसकी सफाई की जाएगी, कंपनियों से नाले के माध्यम से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी प्राइवेट लैब में चेक कीया जाएगा, कंपनियों से निकलने वाले दूषित पानी पर निगरानी रखी जाएगी, कंपनियों से जुड़े हुए पदाधिकारी ने कहा कि सभी कंपनियों से दूषित पानी नहीं निकलता है।

### बैठक में मोहगांव, रामाकोना के कांग्रेस पदाधिकारी रहे नदारद

# कांग्रेस आब्जर्वर खालिक ने लगाई कांग्रेस नेताओं की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




नगर सौसर स्थित मंजुला मंगल भवन में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आए ऑब्जर्वर असम के पुर्व सांसद अब्दुल खालिक ने संगठन एवं पदाधिकारी की नवस टटोलत हुए कार्यक्रम मंच से क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रवक्ता, महामंत्री इसी तरह महिला कांग्रेस के भी सभी पदाधिकारी के स्कूल की तरह हाजिरी लेकर उपस्थिती गिनवाई, जो उपस्थित थे उन्होंने अपने स्थान पर खड़े होकर उपस्थिति दर्ज की,इस दौरान बड़े पैमाने पर बोरगांव रामाकोना और मोहगांव हवेली क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी बैठक से नदारत नजर आए थे।बैठक में प्रमुख रूप से गंगा प्रसाद तिवारी सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी, विधायक विजय चौरे,भागवत महाजन,पांढुरना पर्यवेक्षक विजय चौधरी,अशोक चौधरी,युवराज जीचकार,ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र यमदे, सतीश बोड़खे,नगर अध्यक्ष संजय ठाकरे,जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष नानेश्वर गावंडे, प्रभारी पंकज दातारकर,युवॉ कॉंग्रेस नेता सोपान कोहले, आदि थे।

## कार्यकर्ता आपस में मतभेद रखिए मनभेद नहीं

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए असम से आए पूर्व सांसद एवं कांग्रेस ऑब्जर्वर अब्दुल खालिक ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राहुल गांधी की ओर से हमें संगठन को सक्रिय करने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात आदि विषयों को लेकर आपके बीच में भेजा है,सौसर पांढुर्णा क्षेत्र बहुत अच्छा है और यहां पर कांग्रेस बहुत मजबूत है, परिस्थिति वश कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेताओं में मनमुटाव हो सकता है,परंतु हमें मतभेद रखना चाहिए मनभेद नहीं, प्रदेश में भाजपा सरकार के द्वारा किस तरह जनता विरोधी काम किया जा रहा है यह आप सबको पता है। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को हमें आम जनमानस तक पहुंचना है और कांग्रेस के साथ ही राहुल गांधी के हाथों को मजबूती प्रदान करना है, नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के क्षेत्रीय इकाइयों को हमें एकजुट करते हुए आगामी समय के लिए तैयारीया करनी है।बैठक में सतीश बोड़खे, लोधीखेड़ा नगर परिषद उपाध्यक्ष नरेन्द्र रॉय, नीलिमा पाटिल, विट्ठल गायकवाड़ विलास जोगी, दिलीप गुर्वे, डॉ राजेश सोमकुंवर,देवेंद्र केदार,प्रदीप इंगोले,प्रकाश बोराटे,अरविंद डहाके,सुभाष आमने,अरुण गावड़े,अमरीश जायसवाल,जिम्मी टाकभवरे,आदि उपस्थित थे।

## गौ माता के लिए रोटी लेने अब घर-घर आएगा वाहन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सेवा संभव संस्थान एवं नगर गौसेवक टीम द्वारा निरंतर रूप सड़को पर निराश्रित होकर घूमने वाली गौमाता एवं पशुओ गौमाताआसानी से भोजन उपलब्ध हो पाएगा। जल्द ही सौसर नगर में गौग्रास संग्रहण हेतु घर घर रोटी एकत्र करने के लिए वाहन आने वाला है।गोरक्षक वैष्णव खंडाइत ने बताया की लोग नगर में घूमने गौमाताओं को अपनी क्षमता अनुसार रोटी देते थे या फिर उसे कूड़े में फेंक देते थे,परन्तु अब उन्हें सड़को पर रोटी फेंकने की आवश्यकता नहीं होगी। सेवा संभव संस्थान एवं नगर गौसेवक टीम का गौ ग्रास वाहन स्वयं गौमाता के भजन संचालित करते हुए उनके द्वार आएगा और उनसे गौ माता के लिए एक रोटी दान में लेगा। सेवा संभव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव ने गौग्रास संग्रहण हेतु वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। गौ सेवक टीम ने सौसर नगरवासियो से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की है। इस कार्य में गौसेवा टीम के सदस्य वैष्णव खंडाइत, विशाल धकाते, राहुल लाड़से,ऋषिकेश येलमुले, आदित्य दवंडे, गणेश गौतम, आशु वाडेकर, पंकज लोणारे, राजू लोणारे, प्रदीप बिघाने, राजेश उपासे,राम अकोटकर, राम शेंद्रे,लाला पवार,आदि सहयोग दे रहे है।

## जैन समाज ने मनाया वासुपूज्य भगवान का गर्भकल्याणक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आषाढ़ कृष्ण छटमीं के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा 1008 तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का मंगलकारी गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया गया। मंगलमय प्रसंग पर श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री वासुपूज्य पूजन के पश्चात श्री सम्मेद शिखर विधान का मंगलकारी अनुष्ठान किया गया जिसे कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक अशोक कुमार ज्ञाता जैन वैभव परिवार को प्राप्त हुआ। जिसमें सकल जैन समाज छिंदवाड़ा के साथ बैंगलोर, इंदौर, भिलाई, खनियाधाना, नागपुर, सिरोंज, चौपड़ा, बांकल आदि से पधारे श्रावक - श्राविकाओं ने मंगलगान करते हुए तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी की भाव वंदना की ओर चंबर नृत्य करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।विधान की मांगलिक क्रियाएं सर्वश्री पंडित ऋषभ शास्त्री, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, आशीष कौशल एवं विशाल शास्त्री द्वारा कराई गई।विधान के उपरांत बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर आरती जैन एवं पंडित अशोक जैन द्वारा मास्टर अव्यक्त जैन एवं बेबी अन्वीक्षा जैन की जैनत्व संस्कार विधि कराकर जैन दर्शन के संस्कारों का बीजारोपण कराया गया जिसकी सभी ने अनुमोदना करते हुए दोनों जिनशासन सेवकों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

## बाबा फरीद का मनाया गया 6 माही उर्स





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

रविवार को सिंगोड़ी में हजरत अल्हाज सैय्यद बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्किनी रह,अलैह के चौहथा छः माही उर्स के मौके पर यादगारे बाबा फरीद मनाया गया। इस अवसर पर अल्हाज सैय्यद बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्किनी रह,अलैह के अनुयाइयों के विशेष अनुरोध पर बाबा फरीद रह, अलैह, के बड़े साहबजादे अलहाज सैयद फखरुद्दीन शाह मिस्किनी छः माही उर्स कार्यक्रम में सामिल हुए। उक्त आयोजन खकरा चौरई रोड स्थित ताज काम्प्लेक्स के पीछे खानकाह में हुआ ।उर्स का आगाज काशीयाना ए मिस्किनीया, हाजी अब्दुल अहाद मिस्किनी साहब के मकान पर स्थित हजरत बाबा फरीदुद्दीन मिस्किनी रहमतुल्लाह अलैह की गद्दी पर दुआ फातिहा सलातो सलाम चादर पेश कर उर्स का आगाज किया गया। बाद नमाज मगरिब खकरा चौरई रोड स्थित खानकाह में विशेष दुआ फातिहा सलातो सलाम परचम कुसाई के वाद शेख मस्तान ठेकेदार द्वारा भव्य लंगर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सहित आसपास के सैकड़ो लोगों ने लंगर में शरीक हुएवहीं देर रात्रि में बाबा ताजुद्दीन नागपुरी सहित अन्य सुफीसंतो के द्वारा मानव सेवा मानव कल्याण को लेकर दिए गए उपदेशों का बखान किया गया। जामा मस्जिद सदर इलमन मिस्कीनी ने बताया कि 22 जनवरी 2022 को बाबा फरीद मिस्किनी का स्वर्गवास हुआ था जिन के जिले सहित देश भर में लाखो अनुयाई है, जिनकी दरगाह उत्तर प्रदेश स्थित सिकंदराबाद में है और इनके अनुयाईयो के द्वारा छः माही एवं वार्षिक उर्स जगह जगह मनाया जाता है। इस अवसर पर अल्हाज सैय्यद बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्किनी रह,अलैह के अनुयाइ सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न

**छिंदवाड़ा।** जिला राजपूत क्षत्रिय सभा द्वारा विगत दिवस महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य सामाजिक मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए सचिव रवि चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संत सिंह सेंगर एवं जिला राजपूत क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह बैस, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, संभागीय अध्यक्ष करणीय सेना अरूण प्रताप सिंह एवं उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम का संचालन सचिव रवि चंदेल एवं जिला उपाध्यक्ष बसंत सिंह शक्रवार ने करते हुए उपस्थित वरिष्ठजनों का एवं अतिथियों का स्वागत कर सम्मान किया गया जिसमें साहेब सिंह बैस, पार्षद संदीप सिंह चौहान, चौरई से संजय ठाकुर, परासिया से भानुप्रताप सिंह एवं कांति ठाकुर, अमरवाड़ा से धनराज सिंह चंदेल, सौसर से बलराज सिंह सोलंकी, सुनील बघेल, जितेन्द्र सिंह चौहान, श्रीमती राजकुमारी चौहान, श्रीमती प्रीति बिसेन, श्रीमती मंजू बैस, श्रीमती मनादेवी बैस सहित सभी का स्वागत सम्मान किए जाने के उपरांत बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें उपस्थित समाज के बच्चों ने अपना नृत्य, भाषण एवं संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया । इस कार्यक्रम का संचालन समाज के ही होनहार युवा कुमारी दीक्षा बिसेन, श्रीमती मोनिका बैस, राजपूत युवा वाहिनी के अध्यक्ष सत्यम सिंह राजपूत ने संचालन किया । तत्पश्चात कार्यक्रम संपन्न होने के बाद उपस्थित अतिथिगणों ने अपना उद्बोधन दिया । समाज के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह बैस ने उपस्थित मातृशक्ति एवं युवा साथियों से आव्हान किया कि वे समाज की उन्नति में अपना तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करें, शीघ्र ही संपूर्ण जिले में समाज का सदस्यता अभियान एवं भवन निर्माण निधि संग्रह का कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा।

### अवैध रूप से निर्माण कार्य करने वालो पर सख्ती से होगी कार्यवाही

# नक्शा सुधार के मामले की तहसीलदार बारीकी से जाँच कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे









### लांजी कालीमाटी मार्ग पर फेंके जा रहे कचरे का निराकरण सीएमओ यथाशीघ्र करें
### आँखों के इलाज के लिए दिव्यांग ने लगाई गुहार
### 140 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज, बालाघाट

जिले के विभिन्न स्थानों से मंगलवार को विभिन्न आवेदक अपनी समस्या लेकर कार्यालय कलेक्ट्रेड पहुँचे। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में सीईओ जिपं श्री अभिषेक सराफ एवं एडीएम श्री जीएस धुर्वे की उपस्थिति में संयुक्त रूप से जनसुनवाई हुई। इस दौरान शहर के प्रेमनगर स्थित वार्ड क्रमांक 26 से आये आवेदक श्री अनुराग कुमार गोधे ने बताया कि वार्ड नं 26 के ही नागरिक द्वारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बहने वाले नाले के ऊपर अवैध रूप से पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। साथ ही नाले के ऊपर पक्की फ्लोरिंग कर एक मंजिला भवन का निर्माण कर लिया है। कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया को मामले की जाँच कर उचित कार्यवाही निर्धारित करने के निर्देश दिए है। इसी तरह किरनापुर की सकून बाई नागेश्वर ने बताया कि किरनापुर अंतर्गत ग्राम माटे में 522/2 रकबा में 1.33 डिसमिल जमीन है, वर्तमान में कब्जे में केवल 70 डिसमिल जमीन है। सकून बाई ने बताया कि 522/1 की 47 डिसमिल जमीन के लिए सीमांकन किया गया है, किंतु अब तक कोई कार्यवाही निर्धारित नही की गई है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम किरनापुर को स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थित जांच करे और दोषी पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। जनसुनवाई में 140 आवेदन प्राप्त हुए।

### तहसीलदार नक्शा सुधार के मामलें की तत्परता से जाँच करें

जनसुनवाई में खैरलांजी अंतर्गत ग्राम डोंगरिया से आये आवेदक दीपक राहंगडाले ने बताया कि पिता की मृत्यु के बाद जमीन फौती नामांतरण से दीपक के नाम कर दी गई है। किंतु पड़ोसी कृषक द्वारा आपत्ति लगाने के बाद जांच दल गठित कर मामले की जाँच के निर्देश दिए गए थे, किंतु अब तक उस पर कोई कार्यवाही नही की गई है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम वारासिवनी श्री आरआर पांडे को मामले की उचित जाँच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

### कालीमाटी मार्ग में फेंके जा रहे कचरे का उचित निराकरण करेंगे सीएमओ लांजी

जनसुनवाई में तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम कालीमाटी द्वारा समस्त ग्रामीणजनों की ओर से शिकायत प्रस्तुत की गई कि नगर परिषद द्वारा लांजी से रिसेवाड़ा मुख्य मार्ग कालीमाटी एवं नीमटोला के बीच जो कूड़ा कचरा फेंका जाता है। उसका शीघ्रता से निराकरण कराया जाए। कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ लांजी को विशेष रूप से इस पर ध्यानाकर्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। चूँकि यह रोड़ लांजी से छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। वहीं इसके अलावा ग्रामीणों को इससे हो रही परेशानियां आज तक ही नही बल्कि अलग-अलग तरह की बीमारियों का भी शिकार बना सकती है। इसलिए इसका शीघ्रता से निराकरण करना सुनिश्चित करना होगा।

### दिव्यांग की आँखों के इलाज के लिए एसडीएम व सीएमएचओ लेंगे उचित निर्णय

जनसुनवाई में नगर के वार्ड नं 3 से आये दिव्यांग ने अपनी आंखों के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। दिव्यांग जहर अहमद ने बताया कि वह पहले ऑटो चलाता था किंतु उसे पिछले 4-5 वर्षों से दोनों ही आंखों से दिखाई नही दे रहा है। उपचार के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम और सीएमएचओ को इस पर उचित निर्णय लेकर कार्यवाही निर्धारित करने के लिए कहा है।




## भविष्य के खिलाड़ियों के अभिभावकों से किया गया संवाद

बालाघाट

मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेलो और बड़ो अभियान के तहत भविष्य के खिलाड़ियों के अभिभावकों से मंगलवार को संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों के अभिभावकों और खेल परिसर में आने वाले अभिभावकों को विभागीय प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने और भविष्य में खेल प्रशिक्षण के माध्यम से मप्र खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा की तैयारी के बारे में जानकारी दी गयी। जिला खेल कराते प्रशिक्षक श्री सजिंद्र कृष्णन और खेलों इंडिया प्रशिक्षक आशु चौधरी मैडम ने खिलाड़ियों के अभिभावकों को विभागीय प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण के अवसरों और मध्य प्रदेश खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा की तैयारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खेल शिक्षा और शासकीय खेल संबंधित शासकीय सेवाओं की तैयारी के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि भविष्य में किस प्रकार तैयारी की जा सकती है।जिला योग आयोग के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी ने आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल होने के लिए आह्वान किया और स्वास्थ्य, फिटनेस, ध्यान और योग के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर में शैलेन्द्र यादव, अजय ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

## दिल में छेद लेकर जी रहा था आरव, सफल ऑपरेशन के बाद लल्ला की तरह चहलकदमी करने लगा

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुम्बई में हुए उपचार से मिला नवजीवन



**बालाघाट** दिल में छेद के साथ बड़ी मुश्किलों में 2 साल के आरव का जीना दूभर हो रहा था। लेकिन अब आरव अपने घर में लल्ला की तरह खेलने-कुदने के साथ अपनी नटखट कलाओं के साथ खुशी के साथ भरपेट भोजन कर चहलकदमी करने लगा है। ये सब राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुंबई के नारायणा हॉस्पिटल में उपचार के बाद हो पा रहा है। इस मामलें में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि कटंगी विकासखण्ड अंतर्गत हरदोली निवासी पायल और नरेन्द्र का पुत्र आरव जन्म के बाद से ही काफी परेशान था। दूध पीने से लेकर शारीरिक हलचल सामान्य बच्चों से बेहद कम थी जिसे लेकर परिजन चिंतित थे। प्रायवेट चिकित्सकों के पास काफी उपचार कराया गया लेकिन ना ही बीमारी पकड़ में आ रही थी और ना ही सेहत में कोई सुधार था। बच्चा रोता रहता था और पूरा शरीर ढीला पड़ जाता था। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने बताया कि उसके दिल में छेद होने से उसकी शारीरिक क्षमता प्रभावित हो रही थी। इसके बाद आरबीएसके अंतर्गत सफल ऑपरेशन मुम्बई के नारायणा शासकीय खर्च पर उपचार कराया गया।

### ऐसे पहुँचा आरव शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र तक,फिर योजना में हुआ शामिल

बालाघाट जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में 0 से 18 वर्ष आयु तक बच्चों एवं किशोर-किशोरियों की सामान्य एवं गंभीर बीमारियों का शासकीय खर्च पर उपचार एवं जांच होती है। आरव के परिजन को इसकी जानकारी लगते ही वे एक वर्ष पूर्व बेटे आरव को डीईआईसी लेकर पहुँचे। यहाँ सारी जांचों सहित ईको कराने के उपरांत चला कि उसके दिल में छेद है और समय रहते उसका ऑपरेशन आवश्यक है। आरव को मुम्बई के नारायणा अस्पताल में ऑपरेशन के लिए 10 सितंबर 2024 को भर्ती किया गया जहां उसके हॉर्ट का सफल ऑपरेशन हुआ। मुम्बई में 18 दिन भर्ती रखा गया। उपचार पर करीब 1 लाख 50 हजार रूपए खर्च हुआ जो राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय खर्च पर संभव हो सका।

## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 के निर्वाचन कार्यवाही के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी रिटर्निंग अधिकारी होंगे तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

### अंश ने नीट परीक्षा में किया क्वालीफाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अरी निवासी अमित राय के सुपुत्र चिरंजीव अंश राय ने नीट क्वालीफाई एक्जाम उत्तीर्ण कर अपने परिवार, ग्राम एवम जिले का नाम रौशन किया है। बेटे की सफलता पर राय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# किसान को नहीं मिला अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा, प्रशासन से न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

एक तरफ तो सरकार अपने आप को किसान हितैषी बताते हुए नहीं थकती कई योजना किसानों के लिए संचालित कर रही हैं वही दूसरी ओर किसान को सरकारी उपक्रम गेल इंडिया जो क्षेत्र में गैस पाइपलाइन का कार्य कर रही उसके द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का उचित मुआवजा तक नही मिलने से किसान परेशान होकर छह माह से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा हैं किंतु उसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

ऐसा ही एक मामला छपारा का प्रकाश में आया है, बताया जाता हैं कि छपारा नगर के शिवाजी वार्ड निवासी बृजमोहन सिंह, पिता ईश्वर सिंह ठाकुर,ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी भूमि रिकॉर्ड अनुसार पटवारी हल्का नंबर 42 राजस्व निरीक्षक तहसील छपारा अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नं.1042/1रकबा 1.85 हेक्टेयर भूमि में 0.32 आरे जमीन गैल इंडिया की गैस पाईप लाईन परियोजना हेतु अधिग्रहीत की गई है जिसमें कुल 0.4 हेक्टेयर भूमि का ही कंपनी द्वारा मुआवजा दिया गया, वही बाकी की अधिग्रहीत भूमि 0.28 हेक्टेयर मुआवजा वर्तमान समय में भी नहीं दिया गया है। उक्त तकनीकी गड़बड़ी लेकर उन्होंने जनवरी माह में एस डी एम कार्यालय में अपना आवेदन दिया था उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई साथ ही गत मई माह में जिला कलेक्टर कार्यालय में भी न्याय के लिए गुहार लगाई किंतु इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने बताया कि पटवारी द्वारा मौके का स्थल निरीक्षण कर पंचनामा रिपोर्ट भी दी गई इसके बाद भी वह सरकारी कार्यालयों के चक्कर ही काट रहे हैं। उक्त भूमि को देने के बाद भी उचित मुआवजा नहीं मिलने से उन्हें और उनके परिवार




को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर उन्होंने शासन प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की अपील की है। ज्ञात हो कि लगभग पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से छपारा सहित आसपास के क्षेत्र में गेल इंडिया कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से एक ओर जहां देश के बड़े भूभाग को गैस पाइपलाइन जैसी सुविधा मिल रही है, वहीं दूसरी ओर भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों में असंतोष भी पनप रहा है।

बृजमोहन सिंह ने बताया कि उन्होंने एसडीएम हेल्पलाइन पर शिकायत (शिकायत संख्या 31039515) दर्ज कराई थी और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाए थे, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने अपनी शिकायत में राजस्व अधिकारी लखनादौन रवि कुमार सिहाग, कलेक्टर सिवनी और एसडीएम हेल्पलाइन का भी उल्लेख किया है। किसान बृजमोहन सिंह ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे को लेकर तत्काल कार्यवाही करने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि एक प्रतिष्ठित कंपनी जो कि सरकार का ही उपक्रम है उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि लंबे समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अभी तक उनकी अधिग्रहित भूमि का पूरा मुआवजा नहीं मिला है।

**इनका कहना है**

बृजमोहन सिंह की शिकायत बिल्कुल सही है तकनीकी गड़बड़ी से मुआवजा बृजमोहन सिंह के भाई के खाते में चला गया साथ ही उक्त पूरे मामला लखनादौन एस डी एम सर रवि कुमार सिहाग जी के संज्ञान में है उनके द्वारा किसान बृजमोहन सिंह को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहीं गई है।

**रविन्द्र यादव ,रेवेन्यू डिपार्टमेंट गैल इंडिया (प्राकृतिक गैस विभाग)**

# कार में रेप कर नहीं भरा मन तो घर में ले जाकर 3 दिन तक बंधक बनाकर लूटी आबरू

**बीमार बेटे का इलाज कराने आई महिला के साथ गांव के ही शख्स ने की हैवानियत, कार में रेप करने के बाद घर में तीन दिन बंधक बनाकर लूटी आबरू।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पीड़त महिला सिवनी की रहने वाली है जो कि अपने दो साल के बीमार बच्चे का इलाज कराने के लिए सास के साथ जबलपुर आई हुई थी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करात हुए बताया कि बेटा कुरकुरे खाने की जिद कर रहा था इसलिए वो कुरकुरे लेने जा रही थी तभी रास्ते में गांव के रहने वाले विश्वनाथ का बेटा विक्की उसे मिला और कार से छोड़ देने की बात कहकर कार में बैठा लिया। कार में विश्वनाथ भी था। पीड़िता के मुताबिक कुछ दूर जाकर विश्वनाथ ने बेटे को कार से उतार दिया और सुनसान जगह अंधेरे में ले जाकर कार रोकी और उसके साथ कार में ही रेप किया। कार में रेप करने के बाद आरोपी उसे एक खंडहर में ले गया वहां भी उसके साथ रेप किया और इतने के बाद भी आरोपी की हैवानियत खत्म नहीं हुई वो उसे जबरदस्ती लखनादौन के नन्हे मेहगांव स्थित अपने मकान में ले गया जहां तीन दिन बंधक बनाकर उसके साथ कई बार दरिंदगी की। पीड़िता के मुताबिक वो किसी तरह तीन दिन बाद आरोपी विश्वनाथ के चंगुल से भागकर जबलपुर आई और सीधे पुलिस थाने पहुंची।

इधर तीन दिन पहले ही जब महिला कुरकुरे लेकर काफी देर तक नहीं लौटी थी तो उसकी सास ने गुमशुदगी पुलिस में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी विश्वनाथ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में ले लिया है। पुलिस जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की बात कह रही है।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक व्यक्ति हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के नियत्रंण एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में दिनांक 16/06/2025 थाना अरी में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गंगेरूआ में एक व्यक्ति अपनी सैलून की दुकान के पीछे अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा ब्रिकी करने के उद्देश्य से अपने पास रखा है जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को देने पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट ललित गठरे द्वारा आदेशित किया गया।

सूचना के आधार पर स्टाफ की सहायता से उक्त व्यक्ति को घेराबंदी




कर पकडा गया गया पूछताछ करने पर अपना नाम चंद्रशेखर तैकर पिता कुंजीलाल तैकर उम्र 35 साल निवासी धपारा थाना अरी का रहने वाला बताया जिसके अधिपत्य से एक सफेद रंग की पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गांजा विधिवत कार्यवाही कर जप्त किया गया है आरोपी से अवैध मादक पदार्थ रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज लाईसेंस न होने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी चंद्रशेखर तैकर पिता कुंजीलाल तैकर उम्र 35 साल निवासी धपारा थाना अरी। जप्ती 275 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 2500/- रूपए।

उक्त कार्यवाही मे सउनि मायाराम धुर्वे, प्र.आर. मतीन खान, आरक्षक पारस तुरकर, लकेश पटले, चेतन शर्मा, हेमंत राहंगडाले, दिनेश मसकरे, लकेश कोकोडे, किरण बिसेन, लखन लाल उइके, जयंत भलावी का सराहनीय कार्य रहा।



## शारदा पीठ द्वारका धाम शंकराचार्य से विक्रांत सिंह कुमरे ने आशीर्वाद प्राप्त किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री शारदा पीठ द्वारका धाम के शंकराचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त करने मुल्ताई पहुंचे बरघाट के विक्रांत सिंह कुमरे ने शंकराचार्य जी से भेंट किया। सिवनी जिले के बरघाट जावरकाठी निवासी डॉ श्याम सिंह कुमरे, (आईएएस) पूर्व कलेक्टर के सुपुत्र सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिंह कुमरे, पूर्व विधि सलाहकार, राज्यपाल मध्यप्रदेश एवं भोपाल विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य ने मुल्ताई में श्री शारदा पीठ द्वारका धाम के शंकराचार्य जी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विक्रांत सिंह कुमरे ने शंकराचार्य जी से मां ताप्ती नदी के उद्गम स्थल को लेकर गहन चर्चा किए एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिवसों से ताप्ती उद्गम स्थल पर महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। यहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी है एवं अनेकों विभूतियां पूजन अर्चन के लिए पधार चुके हैं।

# क्षेत्रीय स्कूलों के नवीन भवन स्वीकृति के लिए रजनी ठाकुर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला पंचायत सिवनी वार्ड क्रमांक 4 कान्हीवाड़ा से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी/ श्रीराम ठाकुर जो कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति की सदस्य भी हैं इनके द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं आयुक्त लोक शिक्षण संस्थान तथा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि जिला सिवनी विधानसभा केवलारी के विकासखंड सिवनी अंतर्गत वर्षों से शासकीय हाई स्कूल छतरपुर, शासकीय हाई स्कूल खैरी, शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिनोतिया में भवन नहीं है तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा का भवन वर्षों पुराना होने के कारण जर्जर हो चुका है जिसमें कभी भी दुर्घटना हो सकती है उपरोक्त सभी शासकीय विद्यालयों के भवन न होने के कारण छात्र-छात्राओं को बैठने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है जिसके कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इसी प्रकार विकासखंड सिवनी अंतर्गत ही शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला कटिया, शासकीय प्राथमिक शाला जुरतरा , शासकीय प्राथमिक शाला रमपुरी ,शासकीय प्राथमिक शाला भालीवाडा के भवन भी वर्षों पुराने होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कक्षाएं अन्य स्थानों पर संचालित की जा रही है जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। आता निवेदन है कि उपरोक्त भवन विहीन/जर्जर भवन वाले शासकीय विद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई।

# कलेक्टर ने अमानक खाद-बीज बेचने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 16 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिलेवार एवं विभागवार रैंकिंग में पिछडे विभागों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने प्रमुख रूप से नगरपालिका एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को अधिकतम शिकायतों के संतुष्टीपूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने समग्र ई-केवायसी की प्रगति की भी समीक्षा कर अभियान मोड में सभी नगरपालिका एवं जनपद के अधिकारियों को डोर टू डोर सर्वे कर लंबित ई-



केवायसी पूरी कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जनपदों में बेहतर कार्य करने वाली पंचायतों के मैदानी अमले को प्रशस्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं साथ ही 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाली पंचायतों के कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन के लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने समग्र ई-केवायसी कार्यों की भी समीक्षा सभी सीएमओ और सीईओ जनपदों को मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुये लंबित ई-केवायसी तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये हैं।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों की हुई समीक्षा

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ग्रामवार आयोजित किये जा रहे शिविरों की जानकारी लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं अन्य संबंधितों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान अंतर्गत आयोजित किये जा रहे कैंपों का विस्तृत प्रचार-प्रसार किया जाये। अभियान से जुडे विभागों के जिला प्रमुखों को अपने मैदानी अमले को आयोजित कैंपों में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने अभियान के दौरान शतप्रतिशत हितग्राहियों को पात्र योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिये गए हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने शिक्षा, जनजातीय कार्यविभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्धारित मात्रा में नियमानुसार खाद्यान्न का उठाव करते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं छात्रावासों तथा स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को स्कूलों में संचालित बसों का फिटनेस एवं अन्य दस्तावेजों की जांच करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को दिये गए हैं। उन्होंने अमानक खाद-बीज बेचने वाले दुकानदारों पर भी सक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

# पेंच प्रबंधन की पहलः बफर एवं टाईगर रिजर्व से लगे ग्रामों में स्वास्थ्य शिविरों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में 107 गांव है और बफर क्षेत्र के बाहर के 23 और ऐसे गांव हैं जिनकी समितियां पेंच टाइगर रिजर्व से सबंद्ध है। इस प्रकार पेंच टाइगर रिजर्व में 130 इको विकास समितियां है और इनसे जुड़े ग्रामीण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेंच प्रबंधन से जुड़ाव महसूस करते हैं। इनमें से अधिकांश गांव अत्यंत दुर्गम वन क्षेत्र में है और इसीलिए इनमें स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता नगण्य है। इन ग्रामों और इनमें रहने वाले ग्रामीणों की इसी कठिनाई को समझते हुए पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने यूनिटी बैंक ऑफ स्मॉल फाइनेंस और आशा हॉस्पिटल, कामठी के साथ मिलकर ग्रामों में लगने वाले एक दिवसीय स्वास्थ्य चेकअप एवं दवाई वितरण वाले स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है ।

इस कार्यक्रम का प्रथम चरण दिसंबर एवं जनवरी माह में हुआ था, जब कुल 112 ग्रामों में समूह बनाकर कुल 39 स्वास्थ्य कैंप लगाए गए थे और



उन स्वास्थ्य कैंपों में 3145 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाई वितरित की गई थी।

इस स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण कार्यक्रम का द्वितीय चरण मई माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हुआ और वर्तमान में प्रगतिरत है। प्रथम चरण के अनुभव से सीख लेकर द्वितीय चरण में सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण शिविर में कम से कम एक महिला डॉक्टर अवश्य हो एवं ग्रामों में इस प्रकार से समूह बनाए गए कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने के लिए 2 किलोमीटर से ज्यादा ना जाना पड़े। द्वितीय चरण में 27 ग्रामों हेतु 14 शिविर पूर्ण हो चुके हैं और अभी 1076 रोगियों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया जा चुका है। द्वितीय चरण की विशेष बात यह है कि महिला डॉक्टर की उपस्थिति के कारण शिविर में महिलाओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत अधिक है। इसके अतिरिक्त प्रथम चक्र में जहां प्रति गांव उपचार का लाभ लेने वाले ग्रामीणों की संख्या 28 थी, वहीं अभी तक दूसरे चरण में प्रति ग्राम उपचार लेने वाले ग्रामीणों की संख्या 39 है।

## सफलता की कहानी

# आजीविका मिशन से जुड़कर देवकुमारी दीदी हुईं आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा संचालित राज्य आजीविका मिशन का सिवनी जिले में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। समूह से जुडी अनेकों महिलाऐं आज आर्थिक रूप से सशक्त होकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। ऐसा ही उदाहरण लखनादौन विकासखंड के राम आजीविका स्व-सहायता समूह की देवकुमारी यादव का भी है। जिन्होंने स्व-सहायता समूह से जुडकर पीएमएफएमई योजना का लाभ लिया है। समूह का सीसीएल लेन देन अच्छा होने से मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा दीदी को व्यक्तिगत रूप से 9 लाख का ऋण स्वीकृत एवं वितरण किया गया। देवकुमारी दीदी द्वारा स्वयं की तुलसा मिनरल वॉटर यूनिट संचालित करते हुए विगत एक माह से प्रतिदिन 40 से 50 डिब्बे प्रतिदिन स्थानीय मार्केट में उपलब्ध करा रही है। जिससे उनकी शुरूआती आमदनी 800 से 1000 रुपये प्रतिदिन तक हो गई है इसके अतिरिक्त देवकुमारी दीदी द्वारा शासकीय कार्यक्रम एवं शादी विवाह में भी सेवाएं देकर लाभ अर्जित किया जा रहा है।

देवकुमारी दीदी स्वयं के मिनरल वॉटर यूनिट के संचालन से अत्यंत प्रसन्न हैं।



## शास माध्यमिक शाला मोहगांव मे प्रवेश उत्सव मनाया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 17/06(2025 को शास माध्यमिक शाला मोहगांव सड़क में शिक्षा समिति अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरई हरदीप सिंह भाटिया की गरिमामई अध्यक्षता एस एम सी अध्यक्ष यशवंत गौतम ,ग्राम पंचायत मोहगांव सड़क के पंचों तथा ग्राम के गणमान्यों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सभी अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में ग्राम में बच्चों की रैली निकाली गई और घर -घर में जाकर बच्चों को शाला में दर्ज कराने और नियमित शाला भेजने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय हितग्राहियों को किया जा रहा लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में दो चरणों में (प्रथम चरण 16 से 28 जून, द्वितीय चरण दिनांक 29 जून से 04 जुलाई) जिले में विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित जा रहे हैं। आयोजित शिविरों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सोमवार 16 जून को जिले के आठों विकासखंड की 32 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें लखनादौन विकासखंड की ग्राम पंचायत खूबी, खमरिया पहाड़ी, डुंगरिया, सांगईमाल, परासिया एवं गौराबीबी मे शिविर



आयोजित हुए। इसी तरह छपारा विकासखंड के बबैया एवं गोरखपुर में , घंसौर विकासखंड के कट्टीरैयत, तुमडीपार, शिकारारैयत, नयेगांव, बगदरी, सिवनी विकासखण्ड के औरिया रैयत, छिंदग्वार में , केवलारी विकासखंड के खापाबाजार,पाथरफोड़ी, धनोरा विकासखंड के घाटपिपरिया , खमरिया, मठदेवरी में , बरघाट विकासखण्ड के बम्होड़ी, साल्हेखुर्द (चे.), कुरई विकासखंड के बुद्धी,खांखरा एवं सागर में शिविर कर जनजातीय हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना के आवेदन लेकर उन्हें लाभांवित करने की कार्यवाही की गई। आयोजित शिविरों में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में सभी एसडीएम, तहसीलदारों द्वारा निरीक्षण किया गया है। आयोजित हुये सभी शिविर व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित किए गए तथा उपस्थित हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजना से लाभांवित किया गया।

### इन योजनाओं का मिल रहा लाभ-

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रत्येक विकासखंड में चयनित जनजातीय ग्रामों के क्लस्टर के साथ-साथ 6 से 7 आस-पास के ग्रामों को मिलाकर दिनवार कार्ययोजना तैयार की गई है।

## 1 मई से 15 मई तक किया गया आयोजन, समापन अवसर पर विधायक रहे उपस्थित

# विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता अंतर्गत समर कैंप का हुआ समापन

**शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 15 जून तक किया गया। जिसमें वालीबाल एवं कबड्डी खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें लगभग 120 बच्चों ने 45 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया।**





**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु वरिष्ठजनों को बुलाकर बच्चों को खेल के प्रति जागरूक किया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान विकासखंड स्तरीय वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद पंचायत लांजी के सीईओ रामगोपाल यादव, गौरव बैस जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा , श्री बनोटी प्रभारी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी के द्वारा सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता में लगभग 15 टीमों ने शिरकत की जिसमें कबड्डी में भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी लांजी प्रथम एवं यूथ क्लब पौसेरा द्वितीय रही उसी प्रकार वॉलीबॉल में चिखली प्रथम एवं डोंगरगांव की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इनाम वितरण के समय मुख्य अतिथि के रूप में विवेनध्रुव वेंकट टांडिया लांजी थाना प्रभारी, लक्ष्मण सिंह मीणा रेंजर वन क्षेत्र लांजी एवं डॉक्टर रोहित ठाकुर आयुष विभाग के हाथों विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रतियोगिता के दूसरे दिन अतिथियों के रूप में लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे, अजय अवसरें उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी, गौरव बैस जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा क्या आथित्य में किया गया। आज ही के दिन लांजी किरनापुर क्षेत्र विधायक राजकुमार कर्राहे के जन्मदिन होने के उपलक्ष्य में सभी खिलाड़ियों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। तत्पश्चात प्रशिक्षण में प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षकों को विभाग की ओर से दिए गए ट्रैकसूट अतिथियों द्वारा भेंट किया गया एवं सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना दी गई। समापन कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी के सीनियर खिलाड़ियों में राकेश मर्सकोले,साहिल पांडे, यस वानखेडे, वरुण बड़मे, भगवन्ति, रितेश आमाडारे, कैश खान, शुभम रामटेके, राजू चोरवाड़े, अमोल सोनवाने, मंशा घोंगड़े, कशिश बरसागड़े,क्रिष्टि कोठारें, कीर्ति उपराड़े एवं सभी अकादमी के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना के दिवंगत लोगों को वरिष्ठ नागरिक मंच ने दी मौन श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।** विगत दिनों अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की अचानक हुई दुर्घटना में दिवंगत हुए समस्त लोगों एवं मेडिकल हॉस्टल में विमान के गिरजाने से दिवंगत हुए समस्त नागरिकों को वरिष्ठ नागरिक मंच मध्यप्रदेश केपदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्थानीय गांधी बाल उद्यान वारासिवनी मेंप्रातः काल आयोजित एक शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलीअर्पित की। इस मौके पर सभी ने परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की किमृतकों की आत्मा को मोक्ष प्राप्त हो एवं दुःखी शोकाकुल परिवार को इस गहनदुख को सहन करने की आत्म शक्ति मिले। इस श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नागरिक मंच अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव अश्क, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश नगपुरे, प्रदीप खंडेलवाल, मनोहरसिंह ठाकुर, संरक्षक संजय रूसिया, राकेश सोनी, अभिषेक अग्रवाल, तनअग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य हीरा सिंह चंदेल, मनीराम बिसेन, सुमेर चंद कोल्हे, कमल पटले, श्री एडे, नेम चंद लाखड़े, के के कठौते, योग शिक्षकगणेश चुरहे, यशवंत वैश्य, कन्हैया चौहान, रामेश्वर मसकरे आदि उपस्थित रहे।

### पीएम जनमन व धरती आबा अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में मंगलवार को 221 आधार कार्ड, 69 आयुष्मान व 14 के केसीसी बनाये गए

**बालाघाट** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री जनजाति न्याय अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित शिविर में 221 के आधार कार्ड, 69 के आयुष्मान कार्ड, 92 के जाति प्रमाण पत्र, 7 के मूल निवासी, 16 के किसान सम्मान निधि, 14 के केसीसी तथा 21 के जन धन खातों की संख्या सुनिश्चित की गई है। वहीं अब बुधवार को जिले की कुकड़ा पंचायत के आंगनबाड़ी भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। पीएम जनमन व धरती आबा अभियान अंतर्गत जिले में 30 जून तक निरंतर शिविर क्रियान्वित किये जायेंगे।

### एसडीएम ने अनाधिकृत कॉलोनी में रजिस्ट्री पर लगाई रोक

**बालाघाट।** एसडीएम वारासिवनी श्री आरआर पांडे द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी में रजिस्ट्री पर रोक लगायी है। उन्होंने वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम कटंगटोला प.ह.नं. 39, रानिमं स्थित भूमि खसरा नंबर 240 रकबा 0.283 हेक्टे, पर भूमिस्वामी अजय मेहरचंदानी/ करमचंद,नन्दलाल/ अर्जुनदास, विजय बचवानी/ मोहनलाल,महेश जीवतानी/ प्रतापराय व कालोनाइज़ार नितिन पारधी, प्रताप पटले के द्वारा बिना अनुमति के 2025-26 में अवैध प्लाटिंग/कालोनी विकसित करने पर भूमि के भू-खण्ड के क्रय विक्रय एवं पंजीयन (रजिस्ट्री) पर रोक लगाने के आदेश दिए गए है।

# प्राइवेट कंपनी श्रमिकों का कर रही शोषण

### तनख्वाह नहीं मिलने से परेशान सुरक्षा श्रमिकों ने थाने में की शिकायत



**हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।** भूखे पेट भजन न होय गोपाला" यह हिंदी की एक लोकप्रिय कहावत है. इस कहावत का अर्थ है भूखे पेट भगवान का भजन भी ठीक से नहीं किया जा सकता. मगर, बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के दो अलग-अलग सोलर प्लांट में गार्ड की नौकरी करने वाले आधा दर्जन से अधिक सुरक्षा श्रमिकों को यह आरोप है कि कंपनी उन्हें भूखे पेट रहकर काम करने के लिए मजबूर कर रही है. उन्हें 02 से लेकर 04 माह की तनख्वाह नहीं दी गई है और तनख्वाह मांगने पर काम से निकाल दिए जाने की धमकी दी जा रही है. मंगलवार की दोपहर 12 बजे सुरक्षा श्रमिकों ने तिरोड़ी थाने में कंपनी के मालिक हरि शंकर मिश्रा के खिलाफ एक शिकायत की है. तिरोड़ी के रहवासी चन्द्रशेखर शिव, अब्दुल रहमान, गोकुल गाते, संतोष यादव, दिनेश शेन्द्रे, दीपक गाते और सतीश सहारे ने बताया कि करीब 05 वर्ष पहले कविशा सेक्युरिटी गार्ड सर्विस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी इंदौर के हरि शंकर मिश्रा ने तिरोड़ी आकर सुरक्षा गार्ड के लिए उनका चयन किया. सोलर प्लांट की शुरुआत के वक्त कंपनी समय पर तनख्वाह दे रही थी लेकिन वक्त बीतने के साथ ही कंपनी तनख्वाह देने में आनाकानी करने लगी. हर महीने तनख्वाह के लिए कंपनी के मालिक हरि शंकर मिश्रा को कॉल करने की जरूरत पड़ने लगी और अब करीब 02 से 04 माह का वेतन नहीं मिला है जबकि कंपनी ने करीब 02 वर्षों से भविष्य निधि कार्यालय में ईपीएफ की राशि भी जमा नहीं करवाई है. शिकायतकर्ता सुरक्षा श्रमिकों का कहना है कि उनका वेतन और ईपीएफ का हिसाब क्लियर कर दिया जाए फिर कंपनी चाहे तो उन्हें काम पर रखें या निकाल दे. कंपनी का पक्ष जानने के लिए हमने हरि शंकर मिश्रा को कॉल किया पर उन्होंने कॉल कट कर दिया. बेरोजगारी अपने चरम पर है आज पढ़े-लिखे युवा बेहद कम सैलरी वाली नौकरी करने को मजबूर है. कविशा सेक्युरिटी गार्ड सर्विस प्राईवेट लिमिटेड जैसी प्राईवेट कंपनियां इसी बेरोजगारी का फायदा उठा रही है और बेरोजगार युवाओं के जीवन के साथ खेल रही है. तिरोड़ी के इन नौजवान युवाओं ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 05 साल कंपनी की सेवा में लगा दी. बदले में इन्हें 8954 रुपए की तनख्वाह मिली. किंतु अब कंपनी ने समय पर तनख्वाह देनी बंद कर दी है. समय पर तनख्वाह मांगने वाले इन सुरक्षा श्रमिकों को काम से बंद करने की धमकी दी जा रही है. कंपनी यह बात जानती है कि बेरोजगारों की भीड़ इन युवाओं के काम से निकलते ही इसी सुरक्षा गार्ड की नौकरी को पाने के लिए लपक पड़ेगी. खैर, देश में मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 लागू है. यह अधिनियम कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान करने का आदेश देता है और ऐसा न करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ दंड का प्रावधान भी करता है. मगर, भारतीय न्याय संहिता 2023 कहती है कि पुलिस किसी भी मामले में शुरुआत के 15 दिनों तक जांच करती है. फिलहाल शिकायतकर्ताओं को पुलिस की जांच और कंपनी मालिक के फैसले का इंतजार ही करना पड़ेगा. इनके युवाओं के पास शासन-प्रशासन के सामने रोने-गिड़गिड़ाने के अलावा कोई ठोस विकल्प नहीं है.

# भाजपा नगर मंडल 21 जून को मनायेगा योग दिवस

## गॉधी बाल उद्यान में सुबह साढ़े 7 बजे से होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

भाजपा द्वारा पूरे देश, प्रदेश, जिला, ब्लॉक व मंडल स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य आयोजन करने के निर्देश अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिए गए हैं। वारासिवनी भाजपा नगर मंडल के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन करने के लिए भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पटले को संयोजिका बनाया गया हैं। इस आयोजन को भव्य रुप प्रदान करने के लिए रुपरेखा तैयार करने के लिए श्रीमती पटले द्वारा अपने निवास स्थान पर भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। इस बैठक में योग दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा और तीन दिवसीय योग शिविर के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संयोजिका श्रीमती निर्मला पटले के साथ सहसंयोजक राजीव गोयल तथा दल की सदस्य श्रीमती रितु अग्रवाल, श्रीमती मीनाक्षी ठाकरे, श्रीमती रेखा गोखले, श्रीमती श्रुति पालेवाल, श्रीमती स्मिता आजाद, श्रीमती रीना कासल, श्रीमती मोनिका सोनेकर, श्रीमती पूनम झा उपस्थित रहीं। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, महामंत्री सुनील पिपरेवार और मीडिया प्रभारी मयंक मिश्रा भी शामिल हुए। बैठक में महामंत्री सुनील पिपरेवार ने पार्टी के निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अंतिम चर्चा की, जिसमें आयोजन के हर पहलू पर विचार विमर्श किया गया। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर लगाने के प्रस्ताव को भी अंतिम रूप दिया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोडन्ना हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि 21 जून को यह योग शिविर स्थानीय गॉधी बाल उद्यान में सुबह साढ़े 7 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिसमें अधिकाधिक संख्या में भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की गई हैं।

## कटंगटोला की जानकी नगर ले आऊट में भूमि खरीदी-बिक्री व पंजीयन पर एसडीएम ने लगाई रोक

# कालोनाईजर व भूमालिक ने नाले की भूमि पर किया है अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। वारासिवनी अनुविभाग में अनाधिकृत रुप से हो रही प्लाटिंग,उसकी खरीदी-बिक्री और कालोनी निर्माण के कार्यो पर कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव रंजन पांडे द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। कुछ दिनों पूर्व एसडीएम श्री पांडे द्वारा वारासिवनी नगरीय क्षेत्र व रामपायली की कुछ प्लाटिंग व कालोनियों में भूमि की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी। अब इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए उनके द्वारा ग्राम पंचायत सिंगोड़ी के ग्राम कटंगटोला में जानकी नगर के नाम से बनाई जा रही कालोनी में प्लाट की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई हैं।**






खसरा नम्बर 240 रकबा 0.283 हेक्टेयर में की गई हैं प्लाटिंग एसडीएम राजीव रंजन पांडे के कार्यालय से वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगोड़ी के ग्राम कटंगटोला पट्टा हल्का नंबर 39 राजस्व निरीक्षक मंडल स्थित भूमि खसरा नंबर 240 रकबा 0.283 हेक्टेयर पर भूमि स्वामी अजय मेहरचंदानी, करमचंद, नन्दलाल, अर्जुनदास, विजय बचवानी, मोहनलाल, महेश जीवतानी, प्रतापराय व कालोनाइजर नितिन पारधी, प्रताप पटले के द्वारा बिना अनुमति के 2025-26 में अवैध प्लाटिंग/कालोनी विकसित करने पर भूमि के भू खण्ड के क्रय विक्रय एवं पंजीयन (रजिस्ट्री) पर रोक लगाने के आदेश जारी किए गए है। अनाधिकृत प्लाटिंग पर बोर्ड लगाकर बेचे जा रहे हैं प्लाट उल्लेखनीय हैं कि ग्राम कटंगटोला में खसरा नम्बर 240 में स्थित 0.283 हेक्टेयर भूमि लताबाई बेवा महेश्वर सिंह राजपूत निवासी कटंगटोला के नाम दर्ज थी। जिसे नरेश जीवतानी, अजय मेहरचंदानी, नंदलाल मेहरचंदानी व विजय बचवानी को वर्ष 24 में बेच दिया गया था। जिसके बाद इन व्यक्तियों द्वारा उक्त भूमि पर शासन की बिना अनुमति के प्लाटिंग कर कालोनी निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। जिसे उनके द्वारा जानकी नगर ले आऊट नाम दिया। जिसका एक बड़ा सा फ्लैक्स प्लाटिंग पर लगाया गया, जिसमें प्लाटों को खरीदने व बेचने के लिए प्रताप पटले व नितिन पारधी तथा संपर्क करने के लिए आशीष दुबे व प्रभुलाल नागपुरे के मोबाईल नम्बर भी दिए गए। एसडीएम व तहसीलदार ने करवाई थी पटवारी से जॉच इस अवैध कालोनी की जानकारी एसडीएम वारासिवनी राजीव रंजन पांडे व तहसीलदार इमरान मंसूरी को देने के बाद उनके द्वारा पटवारी संध्या रंगारी के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन बुलवाया गया और उसके बाद प्रकरण दर्ज कर एसडीएम राजीव रंजन पांडे द्वारा जानकी नगर ले आऊट खसरा नम्बर 240 में प्लाटों की खरीदी बिक्री व पंजीयन पर रोक के आदेश जारी कर दिए गए हैं। नाले की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई पक्की सीमेंट कांक्रीट की दीवार विदित हो कि जानकी नगर ले आऊट का निर्माण करने वाले कालोनाईजर व भूमालिकों ने भूमि के बगल से बहने वाले नाले पर अतिक्रमण कर पक्की सीमेंट कांक्रीट की दीवार खड़ी कर दी हैं। इस अतिक्रमण की जानकारी भी अधिकारियों को दे दी गई हैं। लेकिन अभी तक इस अतिक्रमण को हटाने की कोई भी कार्यवाही अधिकारियो की ओर से नहीं की गई है। यहाँ उल्लेखनीय हैं कि ग्राम कटंगटोला में एक और कालोनी निर्माण के लिए प्लाटिंग कर दी गई हैं। जिसकी जॉच अभी किया जाना बाकी हैं। अब देखना यह हैं कि उस अवैध प्लाटिंग व कालोनी निर्माण के खिलाफ कब कार्यवाही होती है?

# संजीवनी 108 के बुरे हाल- कटंगी की बंद और तिरोड़ी की खा रही धक्के

**हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।**



अगर, आप सड़क पर किसी घायल को देख रहे है या फिर आपके गांव या घर में कोई प्रसुति महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही है और आप आपातकालीन सेवा संजीवनी 108 को कॉल करने की सोच रहे है तो सावधान हो जाईए. क्योंकि कॉल करने पर भी यह वाहन आपको नहीं मिल पाएगें और किसी सड़क हादसे में घायल की जान जा सकती और प्रसुति महिला के साथ अनहोनी हो सकती है. दरअसल, मौजूदा वक्त में यह हाल बालाघाट जिले की कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसीलों का है. कटंगी अस्पताल से संचालित होने वाली संजीवनी 108 एंबुलेस करीब 1 माह से बंद पड़ी और तिरोड़ी की एंबुलेस धक्के खा रही है. मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे तिरोड़ी की संजीवनी 108 सेलवा गांव पहुंची जहां अचानक से बंद हो गई. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वाहन को धक्का देकर शुरू किया गया. यह स्थिति सामने आने के बाद जब कटंगी और तिरोड़ी अस्पताल की संजीवनी 108 एंबुलेस की पड़ताल की गई तो पता चला कि कटंगी की एंबुलेस खराब है और तिरोड़ी के वाहन की स्थिति भी ठीक नहीं है. एंबुलेस की खस्ताहाल स्थितियों को लेकर जब जिला प्रबंधक से चर्चा की गई तो उन्होंने बुधवार की दोपहर 02 बजे तक कटंगी के एंबुलेस को दुरस्त कर भेजने की बात कहीं है और यह भी कहा है कि तिरोड़ी वाहन बालाघाट आ रही है उसमें किस तरह की दिक्कत है. यह भी देखा जाएगा. बताया जाता है कि आपातकाल में घायल, बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने वाली 108 एंबुलेंस आए दिन बिगड़ जाती है. मरम्मत के लिए बालाघाट भेजा जाता है तो वहां कई-कई दिनों तक सुधार कार्य नहीं होता. कभी भी, कहीं भी 108 के पहिए थम जाते हैं और जहां चंद मिनट में पहुंचने की जरूरत होती है वहां लोग 108 का इंतजार ही करते रहते हैं. ऐसे में मजबूरन लोगों को प्राइवेट वाहन से ही मरीज व घायल व्यक्ति को अस्पताल तक ले जाना पड़ता है. इन खराब वाहनों पर न तो शासन ध्यान दे रहा है और न ही संबंधित कंपनी का. परेशान आमजन को होना पड़ता है कई बार तो मरीज की जान पर बन आती है.

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com